RAF SECTOR NEWS CLIP

24/04/2024

SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

DAINIK BHASKAR PARYAGRAJ (UP)

आरएएफ परिसर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

इलाहाबाद एक्सप्रेस

प्रयागराज। 101 आर.ए.एफ. के तत्वावधान में श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूम-धाम के साथ मनाया गया।

जैसा कि विदित है कि इस वर्ष हनुमान जी की जन्मोत्सव चैत्रशुक्ल की पूर्णिमा को मनाया जा रहा है, इसी कम में 101 आर.ए.एफ में दिनांक 22 अप्रैल 2024 को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अखण्ड रामचरितमानस के पाठ का शुभारंभ वाहिनी के कमाण्डेन्ट मनोज कुमार गौतम द्वारा किया गया तथा दिनांक 23 अप्रैल को पूजा व हवन विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ।

इस शुभ अवसर पर कमाण्डेन्ट महोदय ने उपस्थित कार्मिकों एवं उनके परिवार जनों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दी तथा कामना की भगवान हनुमान जी की दिव्य कृपा आपको सभी बुराईयों से बचाए और आपको समृद्धि की ओर ले जाए। तत्पश्चात् उपस्थित जनसमूह के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

उक्त अवसर पर प्रेमजीत कुमार, (द्वि. कमा.अधि.), विनोद कुमार (उप कमाण्डेन्ट) बृजेश कुमार दुबे (उप कमाण्डेन्ट), टी एन सिंह (उप कमाण्डेन्ट) तथा अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण व जवान तथा उनके परिवार जन उपस्थित रहे।

AMAR UJALA PARYAGRAJ (UP)

अमर उजाला

आरएएफ में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

फाफामऊ। आरएएफ 101 बटालियन शांतिपुरम में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर बोलते हुए कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने कहा हनुमान जी दिव्य कृपा आप लोगों पर सदैव बनी रहे। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी प्रेमजीत कुमार, उप कमांडेंट विनोद कुमार, उप कमांडेंट विनोद कुमार दूबे, टीएन सिंह मौजूद थे। संवाद

हवन पूजन करते आरएएफ के अधिकारी। संवाद

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।